Main Battle Tank

223. SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state the progress so far made on the development of India's Main Battle Tank (MBT-80) and whether an imported engine has been fitted to the Tank instead of an indigenous one?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI R. VENKATARAMAN): The first prototype of the MBT has been evaluated by an Army HQ team in March 1984. Further development work to incorporate the Army HQ observations is now being carried out. Further prototypes will be coming out as scheduled.

An imported engine has been fitted on the first prototype of this tank. Concurrently, the Defence Research and Development Organisation (DRDO) is developing a suitable engine which will be installed when its development is completed.

आर्थिक अपराधों के लिये श्री विष्णुराम गुप्त के विरुद्ध कार्यवाही

224. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या **वित्त** मंत्री 20 मार्च, 1984 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2225 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्री विष्णु राम गुप्त के विरुद्ध लगाये गये आरोपों की जांच करने का कार्य जिन प्राधिकारियों को सौंपा गया था, उनसे प्रतिवेदन कब तक प्राप्त हो जाने की सम्भावना है ; और

(ख) क्या यह बात सरकार के ध्यान में लाई गई है कि जांच अधिकारी सारे आरोपों को दबाने का प्रयास कर रहे हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० एम० कृष्णा) : (क) ऐसे मामलों में जांच पड़ताल करने में समय लगता है और उपयुक्त कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित प्राधिकारियों द्वारा उन की जांच पड़ताल की जा रही है ।

(ख) आरोपों को छिपाने के लिए कोई रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है ।

धवन ग्रुप के परिसर पर आयकर अधिकारियों द्वारा छापा

225 **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या **वित्त** मंत्री 20 मार्च, 1984 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2228 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्थानों के नाम क्या है जहां धवन ग्रुप के परिसरों पर तलाशी ली गई और जिन वस्तुओं की तलाशी ली गई, उनका ब्यौरा क्या है ; क्या वे आयकर की चोरी करते रहे है, यदि हां, तो कब से और अब तक कुल कितनी राशि के करों की चोरी की गई है ;

(ख) क्या यह सच है कि छापों के दौरान सोना, चांदी, और अन्य मूल्यवान धातु पकड़े गये थे, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि बसों और ट्रकों के जाली दस्तावेज भी पकडे गये थे, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० एम० कृष्णा) : (क), और (ख) आयकर विभाग ने मुजफ्फरपुर में 24 और 25 नवम्बर, 1983 को धवन समूह के मामलों की तलाशी ली और प्रथम दृष्टतया 60,000 रुपये की लेखा-बाह्य नकद पकड़ी । लगभग 1900 ग्राम वजन के स्वर्णाभूषण मिले जिन्हें अभिगृहीत नहीं किया गया ।